# गेहूं की आवक बढ़ेगी, कलेक्टर प्रबंधन करें :सीएम

**▸ वीसी के माध्यम से समीक्षा में कलेक्टरों को दिए निर्देश**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 25 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के हित में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है. लघु एवं सीमांत कृषकों के साथ-साथ मध्यम एवं बड़े किसानों के लिये भी स्लॉट की बुकिंग प्रांरभ कर दी गई है.**

उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों की क्षमता 1000 क्विंटल प्रतिदिन से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है. स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है. इससे किसानों की आवक केंद्रों पर अब तेजी से बढ़ेगी. कलेक्टर अपने-अपने जिलों में प्रबंध सुनिश्चित करें.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश में गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान यह निर्देश कलेक्टरों दिए. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडियों में उपज बेचने आ रहे किसानों को समस्त प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हों. उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटें, हम्माल, छाया, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. सभी कलेक्टर प्रतिदिन गेहूं खरीदी, परिवहन व्यवस्था, भंडारण तथा कृषकों के भुगतान की आवश्यक रूप से समीक्षा करें. चना और मसूर की खरीदी मंडी में शेड के अंदर की जाए ताकि असमय बारिश से नुकसान न हो. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चना-मसूर उपार्जन की व्यवस्था के संबंध में जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए. I डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना, रायसेन, दतिया, सीधी, विदिशा के कलेक्टर्स से वर्चुअली संवाद कर जिलों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की.बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 3 हजार 516 उपार्जन केंद्र संचालित हैं. कुल 8 लाख 55 हजार कृषकों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है, जिनमें से 3 लाख 96 हजार कृषकों से 16 लाख 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित कर 2 हजार 527 करोड़ रूपए राशि का भुगतान किया जा चुका है.

### गंगा दशहरा पर विशेष गतिविधियां होंगी

भोपाल, 25 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 19 मार्च से आरंभ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा. जिलों द्वारा अभियान के तहत कई नवाचार किए जा रहे हैं. सभी प्रदेशवासी अपने आसपास की जल संरचनाओं की बेहतरी के कार्य से जुड़ें, इस उद्देश्य से 25 मई गंगा दशहरा पर विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएं. मुख्यमंत्री ने समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से ग्राम और वार्ड स्तर पर कुआं, बावड़ी, तालाब, नहर आदि की सामूहिक सफाई, पौधरोपण, घाटों की सफाई और जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों में सामूहिक श्रमदान को प्रोत्साहित किया जाए. इन गतिविधियों में पंचायत और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारी संगठनों और अन्य संस्थाओं को जोड़ा जाए.

### ▸ टॉपर खुशी और चांदनी को मिलेंगे एक-एक लाख



**भोपाल, 25 अप्रैल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बारहवीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा को एक-एक लाख रुपए की प्रोत्साहन प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों छात्राओं को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित कर बधाई और शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों छात्राओं को पुस्तकें भी भेंट कीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने तथा आशीर्वाद प्राप्त करने दोनों छात्राएं समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास आईं थीं. उल्लेखनीय है कि खुशी राय शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल और चांदनी विश्वकर्मा गुरूदेव शिक्षा केंद्र नीलबढ़ भोपाल की छात्रा है. दोनों छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 500 में से 494 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

# अफसरों के तबादलों और नियुक्तियों को लेकर मंथन

**▸ सीएम ने सुशासन स्कूल में चार घंटे से अधिक समय बिताया**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 25 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अवकाश के दिन एक बार फिर स्कूल ऑफ गुड गवर्नेंस में चार घंटे से अधिक समय बिताया. इस दौरान आला अफसर भी मौजूद थे. जब भी मुख्यमंत्री सुशासन स्कूल पहुंचते हैं, तब- तब प्रशासनिक फेरबदल की अटकलें जरूर लगती हैं.**

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान आने वाले दिनों में निगम-मंडल में होने वाली नियुक्तियों को लेकर अफसरों को ताकीद किया और यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अध्यक्ष या सदस्यों को सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़े. मंथन में एक विषय आईपीएस अफसरों के तबादलों से जुड़ा बताया जा रहा है. प्रदेश में कलेक्टरों के तबादलों के बाद अब पुलिस अधीक्षक के तबादलों की बारी है. बताया जा रहा है कि प्रदेश में 20 से अधिक एसपी बदले जा सकते हैं, वहीं एक दर्जन डीआईजी और तीन से चार आईजी भी बदले जा सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक संभावित तबादलों को लेकर की गई कवायद का ब्यौरा मुख्यमंत्री को दिया गया. इसी तरह मंत्रालय स्तर पर सीनियर आईएएस अफसरों और पीएचक्यू स्तर पर भी बड़े अफसरों के तबादले किए जाने हैं. बैठक के दौरान इस संबंध में भी चर्चा की गई. आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर निगम-मंडलों, प्राधिकरण में राजनीतिक नियुक्तियां होंगी. सूत्रों के मुताबिक 27 अप्रैल को मप्र विधानसभा के एक दिवसीय सत्र की तैयारियों का ब्यौरा भी मुख्यमंत्री ने लिया.

# आरएसएस ने किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित



**भोपाल, 25 अप्रैल.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विक्रम भाग ने मेधावी बच्चों का सम्मान किया. प्रतिभावान छात्र सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत घोष प्रमुख नितिन गर्गे, जिला प्रचारक अतुल कुशवाह, अनुराग जैन, नगर संघचालक बसंत चेलानी, कार्यक्रम संयोजक सुरेश राजपाल, राजेश लेखवानी, कन्हैया मोटवानी, कमन प्रेमचंदानी, नारी साधवानी, दिनेश वाधवानी सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं संत जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया. मुख्य वक्ता गर्गे ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे पहले प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं को पहचानना आवश्यक है. कार्यक्रम में दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल, के.टी. शाहनी स्कूल, सिन्धु मिडिल स्कूल, क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल, मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल, साधु वासवानी स्कूल, मुकिता इन्टरनेशनल स्कूल, प्रेरणा किरन पब्लिक स्कूल, विमल विद्या मंदिर स्कूल, शा. बालक उच्चतर विद्यालय बैरागढ़, जैन पब्लिक स्कूल लालघाटी के विद्यार्थियों का सम्मान किया गया.

## के पी यादव बने स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के अध्यक्ष

**भोपाल, 25 अप्रैल.** मध्यप्रदेश सरकार ने पूर्व सांसद के पी यादव को स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है. इस संबंध में शनिवार देर शाम सरकार की ओर से आदेश जारी कर दिए गए. इसके साथ ही स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संजीव कांकर को दी गई है. भाजपा नेता संजय नगाइच को मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन का अध्यक्ष बनाया गया है. गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हाल ही में विभिन्न निगम और मंडलों में राजनैतिक नियुक्तियां प्रारंभ की हैं. राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष पद पर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को नियुक्त किया गया है.

# परिवर्तनकारी प्रबंधन प्रथाओं पर विचार किए साझा



**▸ बीएसएसएस आईएएस में दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**

**भोपाल, 25 अप्रैल. बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में 'वैश्विक लचीलेपन के लिए परिवर्तनकारी प्रबंधन प्रथाओं' पर दो दिवसीय चौथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ. इसमें देश और विदेश से शिक्षाविद, शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञ आए. सम्मेलन में 367 पंजीकृत प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.**

उद्घाटन सत्र में सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मॉस्को (रूस) से अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग की कार्यकारी निदेशक अनास्तासिया शानशिना मुख्य अतिथि रहीं, मेथोडोलॉजिस्ट और वरिष्ठ संकाय सदस्य जॉर्जी चंतुरिया ने मुख्य भाषण दिया, और एगोरोवा स्वेतलाना विशिष्ट अतिथि रहीं. सभा को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक डॉ. फादर जॉन पी जे ने वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना करने में परिवर्तनकारी प्रबंधन प्रथाओं के बढ़ते महत्व पर ज़ोर दिया. अनास्तासिया शानशिना ने सतत विकास और वैश्विक लचीलेपन को बढ़ावा देने में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान के महत्व पर ज़ोर दिया. जॉर्जी चंतुरिया ने शैक्षणिक प्रणालियों को बदलने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और व्यक्तिगत सीखने के अनुभवों को बेहतर बनाने में 'नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग' (एनएलपी) की उभरती भूमिका के बारे में विस्तार से बताये हुए इसके कार्यान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा की. सम्मेलन के संयोजक डॉ. अमित कुमार नाग ने अनुकूलनीय और सुदृढ़ प्रबंधन पद्धतियों को आकार देने में अकादमिक अनुसंधान की भूमिका पर ज़ोर दिया.


## कार्यालय नगर परिषद बड़कुही

तह0 परासिया जिला - छिन्दवाडा (म0प्र0) वार्ड क्र. 01 पुलिस चौकी के पास, नगर परिषद, बड़कुही
Website:www.nagarparisadbadkuhi.com Email id:- cmobadkuhi@mpurban.gov.in दूरभाष-07161-263475
क्र. 252/PWD/NP/2026 बड़कुही, दिनांक-24.04.2026

//निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_503140_1 दि. 25-04-2026 | Construction of C.C. Road Top Layer At Ward No. 12 | 02 माह 7,64,105/- | 2,000/-7,700/- | 13-05-2026 |
| 2025_UAD_503141_1 दि. 25-04-2026 | Construction of C.C. Road Top Layer At Ward No. 02 (2 Place) | 02 माह 5,73,806/- | 2,000/- 5,800/- | 13-05-2026 |
| 2025_UAD_503142_1 दि. 25-04-2026 | Construction of C.C. Road Top Layer At Ward No. 15 (2 Place) | 02 माह 4,87,280/- | 2,000/-4,900/- | 13-05-2026 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

CHIEF MUNICIPAL OFFICER NAGAR PARISHAD BADKUHI



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खंड भोपाल

लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल
दूरभाष नं.- 2930001

क्रमांक 499/का.यं./लो.स्वा./मैके. खंड/भोपाल/2026-27 दिनांक 22/4/2026

**निविदा सूचना क्रमांक 05/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2026_PHED_502154_1 दिनांक 22/4/2026**

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मैकेनिकल खंड बाग मुंगालिया भोपाल द्वारा प्रमुख अभियन्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल भवन भोपाल के कार्यालय हेतु वर्ष 2026-27 (एक वर्ष) में समय-समय पर लगने वाली स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री प्रदाय हेतु प्रपत्र 'सी' पर ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 7/5/2026 सायं 17.00 बजे तक प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती हैं, जिसके लिए निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त प्रदाय कार्य (किसी भी शासकीय कार्यालय को) के आदेश की प्रति इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करना होगा. निविदा दिनांक 8/5/2026 को सायं 17.15 बजे ऑनलाइन खोली जावेगी. निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त दिनांक 7/5/2026 सायं 17.00 बजे तक वेबसाइट www.mpeproc.gov.in पर ऑनलाइन क्रय किए जा सकते हैं.

**निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-**

| टेंडर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | टेंडर का मूल्य (रु.) | टेंडर बिक्री की तिथि | टेंडर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 23,67,500.00 | 47350.00 | 5000.00 | 24/4/2026 से 7/5/2026 के 17.00 बजे तक | 8/5/2026 के 17.15 बजे तक | अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाइट www.mpeproc.gov.in पर निविदा क्रमांक 2026_PHED_502154_1 दिनांक 22/4/2026 पर उपलब्ध है.

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां.वि.मैके. खंड, भोपाल

G12000/26


## ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि आज भोपाल में

**भोपाल, 25 अप्रैल.** ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल माजिद हकीम इलाही रविवार को भोपाल में रहेंगे. वे विभिन्न धार्मिक और सामुदायिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन -एआईएमआईएम- की ओर से शनिवार को मुहैया करायी गई जानकारी के अनुसार डॉ. इलाही 26 अप्रैल को दिन में भोपाल पहुंचेंगे. लालघाटी चौराहे पर उनका स्वागत किया जाएगा. इसके बाद वे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान के निवास पर पहुंचेंगे, जहां पर वे जलसे में शामिल होंगे. वे इस दौरान मीडिया से भी बात कर सकते हैं.

# डुंगरिया सहकारी समिति ने एक दिन में बनाए 52 सदस्य




**बैरसिया,25 अप्रैल. किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 15 मई तक सहकारी समितियों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत अधिक से अधिक किसानों को समितियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है.**

इसी क्रम में समिति डूंगरिया द्वारा नवाचार करते हुए गांवों में डोंडी पिटवाकर और वॉटसएप ग्रुप के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई. इसके परिणाम एक दिन में रिकॉर्ड 52 नये सदस्य बनाए गए. बता दें कि बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीतेश लिल्होरे एवं निमेष शाही के मार्गदर्शन के बाद डूंगरिया समिति के समिति प्रबंधक ने शिविर लगाकर 52 सदस्य बनाए. इस दौरान समिति प्रबंधक लाखन सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह राजपूत, भैरव सिंह राजपूत ,सरवन सिंह राजपूत , रामकृष्ण जाटव निरंजन सिंह राजपूत, समिति के स्टाफ मौजूद रहा है.

# बैरसिया में 7 कचरा वाहनों को दिखाई हरी झंडी



**▸ घर-घर जाकर किया जाएगा कचरा कलेक्शन**

**बैरसिया, 25 अप्रैल. नगर पालिका क्षेत्र में कचरा संग्रहण ओर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एसडीम आशुतोष शर्मा, सीएमओ राजेंद्र सक्सेना ने शनिवार को अंबेडकर पार्क के पास से 7 कचरा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

एक कदम स्वच्छता की ओर' अभियान के तहित नगर के सभी 18 वार्डो में डोर-टू-डोर (घर-घर) कचरा कलेक्शन किया जाएगा. सूखे और गीले कचरे का अलग-अलग संग्रह होगा. सीएमओ ने बताया कि शहर को खुले में कचरा डंपिंग से मुक्त रखने और नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाने के लिए नगर पालिका की समूची टीम का सड़क पर उतरना नगर स्वच्छता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है. इस अवसर पर एसडीएम शर्मा ने नगर वासियों से आह्वान किया है कि नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग दें. कचरा गलियों , खाली जगह पर न फेंके और डस्टबिन में ही डालें.

गौरतलब है कि स्वच्छता निरीक्षक संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम मुख्य बाजार, वार्डों और सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण कर रही है, गंदगी मिलने पर चालान और जुर्माना लगाया जा रहा है. साथ साथ सड़कों और नालियों के किनारे से अतिक्रमण हटाए जा रहे है.


## NAME CHANGE

I, Gini R Samuel w/o Robin P Samuel resident of A-21 Padamanabh Nagar, Govindpura Huzur ,Bhopal 462023 solemnly affirm and state that I have changed my old name from Gini George d/o Mr.George Matthew to Gini R Samuel (New name) so that I shall at all times hereafter in all records deeds & writing and all occasions what so ever be known as only Gini R Samuel (New Name) in future.



## जन्मतिथि परिवर्तन

यह कि मैं MOHAMMAD UMAR KHAN मोहम्मद उमर खान भोपाल निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ। मेरी पुत्री HALIMA KHAN हलीमा खान वर्तमान में HOLLY FAMILY CONVT. SENIOR Secondary School Bhopal मे कक्षा 1 प्रथम बी मे अध्ययनरत है। मेरी पुत्री हलीमा खान HALIMA KHAN की जन्म तिथि 3.7.2019 है जो कि सत्य है। मैंने पुत्री के आधार, जन्मप्रमाण पत्र आदि मे सुधार करवा लिया है । पूर्व में त्रुटिवश 3.12.2019 जन्मतिथि अंकित हो गई थी जो कि गलत है। शाला के रिकार्ड में दुरूस्ती हेतु प्रार्थनार्थ ।



## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली( म.प्र.)

क्रमांक 607/ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली दिनांक 24/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि | कार्य लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_502375_1 | 22-04-2026 | Annul Rata for maintenance of jetting machine (maila Tanker) 4th Call | 12 months | 7,98,000 | 2,000 | 15,960 | 30-04-2026 |
| 2 | 2026_UAD_502369_1 | 22-04-2026 | maintenamce of vehicle no.MP66D0660 | 2 months | 2,74,294 | 2,000 | 5,486 | 07-05-2026 |
| 3 | 2026_UAD_502340_1 | 22-04-2026 | Construction of well equipped network for vehicle motion movement system 2nd Call | 3 months | 7,07,606 | 2,000 | 14,152 | 30-04-2026 |
| 4 | 2026_UAD_502320_1 | 22-04-2026 | supply of hydra, crane including operator and diesel on rental basis 4th Call | 12 months | 6,40,000 | 2,000 | 12,800 | 30-04-2026 |
| 5 | 2026_UAD_502095_1 | 22-04-2026 | water supply within the municipal corporation limits, covering the baidhan Zone, Rural Zone, and Navjeevan vihar Zone | 12 months | 6,50,000 | 2,000 | 13,000 | 30-04-2026 |
| 6 | 2026_UAD_501826_1 | 21-04-2026 | supply and fising conical light system at ward no. 42 near ID singh House | 2 months | 1,06,352 | 1,000 | 2,127 | 05-05-2026 |
| 7 | 2026_UAD_501029_1 | 16-04-2026 | Invitaion of Rate for improving Quality and conditioning of air in municipal Offices | 12 months | 7,00,000 | 2,000 | 14,000 | 30-04-2026 |
| 8 | 2026_UAD_500992_1 | 16-04-2026 | construction of Baiumen Road at various places in Ward no 25 | 2 months | 66,92,600 | 10,000 | 66,926 | 16-05-2026 |
| 9 | 2026_UAD_500980_1 | 16-04-2026 | maintainance of RCC Drain with precast at various places at ward no 13 | 2 months | 14,41,221 | 2,000 | 28,824 | 16-05-2026 |
| 10 | 2026_UAD_500972_1 | 16-04-2026 | maintainance of drain at ward no 15 | 2 months | 14,20,345 | 2,000 | 28,407 | 16-05-2026 |
| 11 | 2026_UAD_500941_1 | 16-04-2026 | Consrtiction of Intericeling at ward no 21 | 2 months | 29,28,828 | 5,000 | 50,000 | 16-05-2026 |
| 12 | 2026_UAD_500910_1 | 16-04-2026 | Construction of pcc road from Main road to Golerman Saket house harijan basti harrayi paschim at ward no 31 | 2 months | 10,26,954 | 2,000 | 20,539 | 16-05-2026 |
| 13 | 2026_UAD_500864_1 | 16-04-2026 | Interlocking work at Goverment primary school (purvi) simplex at ward no 12 | 2 months | 16,94,812 | 2,000 | 33,896 | 16-05-2026 |
| 14 | 2026_UAD_500857_1 | 16-04-2026 | Construction of WBM Road from dinesh choubey house to kailash shah house at ward no 42 | 2 months | 16,54,560 | 2,000 | 33,091 | 16-05-2026 |
| 15 | 2026_UAD_500845_1 | 16-04-2026 | wall painting work red, yellow and GVP spot at Navjeevan zone | 2 months | 8,30,000 | 2,000 | 16,600 | 30-04-2026 |
| 16 | 2026_UAD_500606_1 | 15-04-2026 | DTH bore at ward no 26 | 1 months | 2,33,985 | 2,000 | 4,680 | 30-04-2026 |
| 17 | 2026_UAD_500586_1 | 15-04-2026 | construction of 220 seats of urinat at Various places of municipal corporation singrauli | 2 months | 70,46,039 | 10,000 | 70,460 | 16-05-2026 |
| 18 | 2026_UAD_500459_1 | 15-04-2026 | construction of WBM Road surendra shah house Via tiwari ji house to kachani puliya at ward no29 | 2 months | 35,62,566 | 5,000 | 50,000 | 16-05-2026 |
| 19 | 2026_UAD_500455_1 | 15-04-2026 | Construction of PCC Road from suresh singh house to dhanu saket house at ward no. 45 | 2 months | 39,83,075 | 5,000 | 50,000 | 16-05-2026 |
| 20 | 2026_UAD_500452_1 | 15-04-2026 | Purchase of water cooler for ward no 32.IInd call | 1 months | 83,998 | 1,000 | 1,680 | 30-04-2026 |
| 21 | 2026_UAD_500445_1 | 15-04-2026 | Construction of Talab ghat at ward no.26 | 2 months | 20,99,209 | 5,000 | 41,984 | 16-05-2026 |
| 22 | 2026_UAD_500405_1 | 15-04-2026 | Renovation of samudaik bhawan ward no 25 | 2 months | 3,55,307 | 2,000 | 7,106 | 30-04-2026 |

**नोट:**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सिंगरौली